हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

07 बालिकाओं को किया जागरुक उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं ...



08 पत्नी को कुल्हाड़ी से काट 100 किमी भागा पति, खाया जहर...



खबर संक्षेप में



दुधाखेड़ी माता का किया आकर्षक श्रृंगार

नलखेड़ा। प्राचीन बल्डावदा हनुमान मंदिर कचनारिया रोड स्थिति मां दुधाखेड़ी माता का मंदिर नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। पर्व के प्रथम दिन मातारानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

जीवन में धन को नहीं धर्म को महत्व दो : मुनिश्री

मंदसौर। मानव जीवन में मनुष्य के चार पुरुषार्थ बताए गए हैं धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष। चार पुरुषार्थ में ज्ञानीजनों ने धर्म को पहले नंबर पर रखा है लेकिन गृहस्थ जीवन में रहने वाले अधिकांश व्यक्तियों के जीवन में धर्म पहली नहीं अंतिम प्राथमिकता में रहता है। मनुष्य को चार पुरुषार्थ में सर्वाधिक धर्म को महत्व देना चाहिये। उक्त उद्गार मुनिश्री विरलविजय म.सा. ने नई आबाद स्थित आराधना भवन में कहे। मुनिश्री ने सोमवार को धर्मसभा में कहा अधिकांश मनुष्य के जीवन में अर्थ अर्थात धन सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो गया है, जो देखो वह धन के पीछे भाग रहा है। जीवन में केवल अर्थ के लिए पुरुषार्थ मत करो। केवल धन कमाने के लिए जीवन गवा देना बुद्धिमता नहीं है। जीवन में धन को नहीं धर्म को महत्व दो। मुनिश्री ने कहा कि यदि मनुष्य के स्वार्थ का अर्थात धन कमाने का मामला हो तो व्यक्ति कई घटों तक इंतजार कर लेता है, लेकिन मंदिर या किसी भी धर्म स्थान पर लाइन लगी है तो लाइन में लगते ही उसका मन विचलित होने लगता है।

विधायक जैन और जिला पंचायत सदस्य गुर्जर ने अधिकारियों को घेरा

बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने किया बिजली कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिले में अघोषित बिजली कटौती से आम जनता और किसानों को हो रही परेशानी के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। विधायक विपिन जैन और जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान विधायक जैन ने बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक विपिन जैन की नाराजगी का एक कारण बिजली संबंधी शिकायतों को लेकर करीब डेढ़ महीने पहले विभाग को लिखे पत्र का जवाब नहीं मिलना भी बताया गया। कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में दिन और रात की अघोषित बिजली कटौती बंद करने तथा शहरी क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सहित छह प्रमुख मांगें उठाईं।

विधायक जैन ने कहा कि जिलेभर में अघोषित बिजली कटौती के कारण आम लोगों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को खेतों में काम करने के लिए सुबह जाना पड़ता है और शाम को घर लौटना होता है। ऐसे में शाम को खाना बनाने और खाने के समय बिजली कटौती से घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी समस्या को लेकर बिजली विभाग का घेराव किया गया है। विधायक जैन ने मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद करने के मुद्दे पर कहा कि पहले जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के यहां बिजली काटकर देखी जाए, उसके बाद आम जनता की बिजली बंद की जाए। उन्होंने किसानों से बिजली के लिए पैसे मांगे जाने संबंधी शिकायतों को लिखित में देने की बात भी कही, ताकि मामले को संबंधित स्तर पर उठाया जा सके।





किसान और आम नागरिक बिजली कटौती से परेशान : गुर्जर



जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसान और आम नागरिक बिजली कटौती से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोड मैनेजमेंट के नाम पर बिजली बंद की जा रही है। उनके अनुसार, मंदसौर शहर में सुबह और ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय बिजली कटौती की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता पूरा बिजली बिल भर रहे हैं, तो उन्हें नियमित बिजली आपूर्ति क्यों नहीं मिल रही है।



लोड मैनेजमेंट के कारण कटौती, एक-दो दिन में सुधार की उम्मीद

बिजली विभाग के अधीक्षक यंत्री योगेश आठनेरे ने मीडिया को बताया कि लोड मैनेजमेंट के चलते विद्युत आपूर्ति बंद की जा रही है। इसी समस्या को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मेंटेनेंस का काम भी चल रहा है। उच्च स्तर से मिले निर्देशों के अनुसार, एक-दो दिन में बिजली आपूर्ति सुचारू होने की संभावना है।

मां बगलामुखी मंदिर पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की आस्था

मां के मनोहारी स्वरूप की एक झलक पाने के लिए भक्त रहते हैं आतुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नवरात्रि पर्व के इन दिनों में माता भक्त मां के नौ स्वरूप की साधना आराधना करते हैं। पर्व के द्वितीय दिन श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप की आराधना की। मां बगलामुखी मंदिर पर पर्व के द्वितीय दिन भी हजारों श्रद्धालुओं का आगमन हुआ जो शक्ति की भक्ति में लीन दिखाई दिए। कई श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए हवन अनुष्ठान भी करवाए। पर्व के इन दिनों में माता रानी का प्रतिदिन विशेष मनमोहक श्रृंगार भी किया जा रहा है। मां के उस स्वरूप की एक झलक पाने के लिए भक्त आतुर दिखाई दे रहे हैं।

शारदीय नवरात्रि का पर्व रविवार से प्रारंभ हो गया है। नवरात्रि के प्रथम दिन ही बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान करवाये। सोमवार को भी मां बगलामुखी मंदिर पर आस्था का सैलाब दिखाई पड़ा। हजारों की संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर के अंदर व सिंह द्वार से बाहर तक प्रातःकालीन आरती के बाद से ही भक्तों की कतारे लगना प्रारंभ हो गई थी, जो देर शाम तक जारी थी। भक्तों को माताराणी के दर्शन के लिए लाइन में खड़े रहकर प्रतिक्षा करना पड़ी। कई श्रद्धालुओं द्वारा मां के दरबार में विशेष पूजन, हवन-अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। यज्ञशाला से उठती मंत्रोच्चार की गूंज से सम्पूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। भक्तों को हवन अनुष्ठान के लिए इंतजार भी करना पड़ा। कई भक्त पर्व के इन दिनों में माता की साधना में लीन रहेंगे। नवरात्रि में की जाने वाली साधना से साधक को उसका फल त्वरित मिलता है। रविवार से प्रारंभ हुई शारदीय नवरात्रि के इन नौ दिनों में नगर में स्थित प्रसिद्ध तांत्रिक स्थली मां बगलामुखी मंदिर पर भक्त विभिन्न तरीकों से माता की भक्ति में लीन रहेंगे।

राजमाता विजयाराजे की जयंती मनाई, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्यों में से एक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती सोमवार को शामगढ़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने राजमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सब्जी मंडी क्षेत्र राजमाता सिंधिया अमर रहे के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया के त्याग, राष्ट्र सेवा और संगठनात्मक कौशल को याद किया। उन्होंने कहा कि राजमाता जी का जीवन देश और समाज के लिए समर्पित था। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को सींचा और उनकी उपलब्धियां आज भी संगठन के लिए एक मजबूत स्तंभ हैं। इसके साथ ही, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह पवार ने संबोधित किया उन्होंने कार्यकर्ताओं से राजमाता सिंधिया के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा



कि उनके आदर्श, जीवन मूल्य और सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सभापति, जनप्रतिनिधि, पार्षद गण सहित नगर के प्रबुद्ध नागरिक और पत्रकार साथी एकत्रित हुए। सभी ने राजमाता के चित्र और प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश के विकास और संगठन में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया।



नवरात्रि पर्व पर माता के विभिन्न रूपों का किया जा मनोहारी श्रृंगार

नलखेड़ा। नगर के प्राचीन एवं चमत्कारी देवस्थान अलीजा राज बहादुर मंदिर में विराजित माता प्रतिमाओं का नवरात्रि पर्व के दौरान मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। पर्व के दौरान यहां पर भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि माता अपने भक्तों की हर मुराद पूरी करती है। नगर के चमत्कारी स्थल अलीजा राज बहादुर खांडेराव महाराज देव स्थान पर स्थापित मां कालिका, हिंगलाज माता,तारादेवी,मंशा देवी,नागदेवी, नागणेची माता की प्रतिमाओं को नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर के मुख्य सेवक बालचंद राठौर ह्यह्यदादाह्यह्य द्वारा आकर्षक रुप से श्रृंगारित किया जा रहा है। जिसके दर्शन हेतु बडी संख्या में भक्त इस स्थान पर पहुंच रहे हैं। जिनके द्वारा अपने विभिन्न कष्टों के निवारण के लिए मां के दरबार में हाजरी लगाई जा रही है।

तिरंगा थाम मंदसौर की सड़कों पर उतरी कांग्रेस, वोट चोरी के विरोध में निकाला मार्च

राहुल गांधी के आह्वान पर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प, विधायक कार्यालय से निकली विरोध रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आह्वान पर लोकतंत्र की रक्षा और वोट चोरी के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता तिरंगा हाथों में लेकर सड़कों पर उतरे। विधायक कार्यालय से शुरू हुआ विरोध मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई।

विधायक विपिन जैन के कार्यालय से शुरू हुआ मार्च बीपीएल चौराहा, गोल चौराहा और नई आबादी होते हुए पुनः विधायक कार्यालय पहुंचा। पूरे मार्ग में कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की मांग को लेकर आवाज बुलंद करते नजर आए। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। वोट की पारदर्शिता और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों का समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और



संविधान की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी। मार्च के दौरान विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, मो.हनीफ शेख, विनोद शर्मा, विकास दशोरा, खलील शेख, सुरेंद्र कुमावत, राजेश सोलंकी, आसिफ छिपा, श्याम गुगर, युनुस मेव, आदित्य पाटील, दिलीप देवड़ा, कमलेश सोनी, शैलेंद्र गोस्वामी, सुदीप पाटिल, महिलाओं में सुश्री रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, सुनीता बंडी, नम्रता सत्रावाला, योगिता बैरागी, राजनारायण लाड़, सुनील बसेर, संजय नाहर, खलील पठान, पंकज जोशी, अंबालाल हिंगोरिया, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, रईस पटवारी, बलवंत सिंह चौहान, कमलेश जैन, मुकेश यादव, सादिक गोरी, साबिर इलेक्ट्रीशियन, महेश गुप्ता, अजय सोनी, विजय मारू, विजय जेन, संजय बारोट, रमेश ब्रिजवानी, पंकज जोशी, साबिद मेव, अंसार मेव, जयेश पालीवाल, रमेश कुमावत, दिनेश जेठानियां, लालू भाई, अखिलेश शर्मा, गगन माली, शैलेश माली, नितिन शर्मा, सम्यक जेन, अक्षय सेठिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आगामी त्योहारों को लेकर सीतामऊ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतामऊ

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सीतामऊ थाना परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिन शाम को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नवरात्रि पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उनके माध्यम से गतिविधियों पर निगरानी रखने पर जोर दिया गया। सीसीटीवी फुटेज किसी अप्रिय घटना की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित हो सकती है। इसके साथ ही त्योहारों के दौरान पुलिस की सक्रिय मौजूदगी और समय पर कार्रवाई भी सुरक्षा व्यवस्था का अहम हिस्सा है।

सार्वजनिक आयोजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से घटनाओं की जांच में सहायता मिल सकती है। पूर्व में सार्वजनिक आयोजनों के



दौरान हुई घटनाओं और उनके बाद की गई कार्रवाई को लेकर निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर भी ध्यान देने की भी बात उठी। किसी भी मामले में कार्रवाई तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए, ताकि वास्तविक आरोपियों की पहचान हो सके और निर्दोष लोगों को अनावश्यक कानूनी परेशानी का सामना न करना पड़े। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के लिए सीसीटीवी निगरानी के साथ पुलिस गश्त, भीड़ प्रबंधन और किसी भी अप्रिय स्थिति में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है। पुलिस की सक्रियता से संभावित विवादों को समय रहते नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।ऐसे पुलिस की मुस्तैदी आवश्यक होना चाहिए। सीतामऊ थाना परिसर में आयोजित बैठक में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने पर जोर दिया गया। त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तकनीकी निगरानी के साथ पुलिस की सक्रिय भूमिका, निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कार्रवाई भी महत्वपूर्ण है।

आगर मालवा की पहाड़ियों में छुपा आस्था का चमत्कार

मालवा की आस्था का केंद्र है मां तुलजा भवानी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां तुलजा भवानी का प्राचीन मंदिर जिला मुख्यालय आगर-मालवा से पूर्व दिशा में लगभग 2 किलोमीटर दूर एक ऊंची पहाड़ी पर प्राकृतिक गुफा में स्थित है। कानड़ रोड से दक्षिण दिशा में इसकी दूरी लगभग 1 किलोमीटर है। यह स्थान जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर धार्मिक श्रेणी में सूचीबद्ध है। पहुंच की दृष्टि से इंदौर का देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डा 126 किमी और निकटतम रेलवे स्टेशन उज्जैन 68 किमी दूर है। मंदिर के चारों ओर घना जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य फैला हुआ है, जिसे स्थानीय लोग गुफा-बर्डा माता मंदिर के नाम से भी जानते हैं।

इतिहासकारों एवं स्थानीय श्रद्धालु ओं के अनुसार यह स्थान बौद्धकालीन माना जाता है। गुफा के भीतर पथरीली दीवार पर सिंदूर-वेष्टित प्रतिमा स्वयंभू मानी जाती है, जिसके पीछे परिक्रमा मार्ग बना हुआ है। मंदिर का जीर्णोद्धार 1945 से भक्तों के सहयोग से निरंतर होता आ



रहा है। यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि मराठा इतिहास का प्रतीक भी है, क्योंकि माँ तुलजा भवानी छत्रपति शिवाजी महाराज की कुलदेवी मानी जाती हैं।

इस मंदिर से जुड़ी अनेक चमत्कारिक मान्यताएँ प्रचलित हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस मंदिर में माता दिन में तीन बार अपना स्वरूप बदलती हैं सुबह बाल रूप, दोपहर युवती और शाम को वृद्धा रूप में। सबसे बड़ी रहस्यमयी गाथा यहाँ की गुफा से जुड़ी है। जनश्रुति है कि इसी गुफा के भीतर एक गुप्त मार्ग के रूप में उज्जैन स्थित राजा भर्तृहरि की गुफा तक जाता था। उज्जैन के तत्कालीन पुरातत्ववेत्ता एम.पी. द्विवेदी ने इस मार्ग की खोज के प्रयास भी किए थे। स्थानीय मान्यता यह भी है कि वर्षों पहले यहां आरती के समय शेर आते थे और बिना किसी को हानि पहुँचाए जंगल में लौट जाते थे। एक अन्य लोकमान्यता के अनुसार मां तुलजा भवानी महाराष्ट्र के तुलजापुर से उज्जैन होते हुए गुफा मार्ग से आगर में विराजमान हुईं।

परंपराएं व श्रद्धालुओं की आस्था

शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि में यहाँ आस्था का अपार सैलाब उमड़ता है। नवरात्रि के प्रथम दिवस घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय आराधना प्रारंभ होती है और नगर पालिका परिषद द्वारा देश व नगर की सुख-शांति हेतु घट स्थापना की जाती है। प्रातः 5 बजे होने वाली महाआरती में जनसैलाब उमड़ता है। सामान्य दिनों में सैकड़ों और नवरात्रि में हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहाँ दर्शन, विशेष आरती में शामिल होते हैं। यह मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक विरासत और आध्यात्मिक शांति एवं श्रद्धालुओं के लिये धर्म, आस्था और विश्वास का अद्वितीय संगम है, जो मालवा अंचल में आस्था और चमत्कार के केंद्र के रूप में सुप्रसिद्ध है।

खबर संक्षेप

चलित भंडारे की हुई शुरुआत, 41 वर्षों से जारी सेवा परंपरा

देवास। मां शारदीय नवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार महाराणा प्रताप सेना के राजेंद्र सिंह बैस मित्र मंडल द्वारा चलित भंडारे का शुभारंभ किया गया। 11 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे महाराणा प्रताप चौराहे से भंडारे की शुरुआत हुई। नवरात्रि के दौरान चलित भंडारे के माध्यम से शहर के प्रमुख माता पंडालों, माता टेकरी क्षेत्र, बायपास रोड, मुख्य मार्गों सहित तीन ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। भंडारे के आयोजक बैस ने बताया कि इस सेवा कार्य की शुरुआत लगभग 41 वर्ष पूर्व माता टेकरी की सीढ़ियों से हुई थी। शुरुआती 30 वर्षों तक वहीं श्रद्धालुओं की सेवा की जाती रही। बाद में प्रशासन द्वारा स्थान उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण पिछले 11 वर्षों से भंडारे का स्वरूप बदलकर चलित भंडारे के रूप में सेवा कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नवरात्रि में माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक प्रसादी पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि चलित भंडारे के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 25 हजार से 30 हजार श्रद्धालुओं को प्रसादी का लाभ मिलेगा। इसमें खिचड़ी, चाय, पानी के पाउच, फल, मिक्सर, केले, मूंगफली और बच्चों के लिए चॉकलेट वितरित की जाएगी।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर का हुआ असर: विभाग ने लिया संज्ञान

नियुक्तियों के लिए विभाग ने जारी किया पत्र, शासन स्तर पर कार्रवाई का इंतजार

बागली घाट ऊपर और घाट नीचे परियोजनाएं संविदा सुपरवाइजरों के भरोसे चलने पर हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली


बागली की दो परियोजनाएं बिना अधिकारियों के ठप, चार माह में चार प्रभारी बदले
कुपोषण मुक्ति और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं प्रभावित

महिला एवं बाल विकास विभाग की बागली घाट ऊपर और बागली घाट नीचे परियोजनाओं में स्थायी परियोजना अधिकारियों की नियुक्ति का मामला लगातार उठाए जाने के बाद विभागीय स्तर पर पत्र जारी किया गया है। हालांकि, पत्र जारी होने के बावजूद दोनों परियोजनाओं में नियमित अधिकारियों की पदस्थापना नहीं हो सकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि प्रशासनिक जरूरत सामने आने के बाद भी नियुक्ति में देरी क्यों हो रही है और कब तक इन परियोजनाओं का कामकाज वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे चलेगा। हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन और विभाग का ध्यान आकर्षित किया था। इसके बाद 1 अक्टूबर 2026 को जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, देवास के कार्यालय से जारी पत्र में जिले की आठ परियोजनाओं में परियोजना अधिकारी के पद रिक्त होने अथवा पदस्थ अधिकारियों के अन्य पदों पर कार्यरत होने से कामकाज प्रभावित होने की स्थिति का उल्लेख किया गया। मामले को आगे की कार्रवाई के लिए वरिष्ठ स्तर पर भेजा गया है। इसके बावजूद बागली की दोनों परियोजनाओं में स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति का इंतजार बना हुआ है।

खबर का असर

संविदा सुपरवाइजरों के भरोसे संचालन

वर्तमान में बागली क्षेत्र की परियोजनाओं का कामकाज संविदा सुपरवाइजरों के माध्यम से संचालित हो रहा है। सुपरवाइजर आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी, कार्यकर्ताओं से समन्वय और योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। वहीं, परियोजना अधिकारी की जिम्मेदारी प्रशासनिक समीक्षा, विभागीय समन्वय, निरीक्षण और योजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखने से जुड़ी होती है। ऐसे में स्थायी अधिकारी की अनुपस्थिति में प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और नियमित समीक्षा को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

आदिवासी अंचल में निगरानी की भूमिका

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन, बच्चों के पोषण की निगरानी, कुपोषित बच्चों की पहचान, गर्भवती और धात्री महिलाओं को सेवाएं उपलब्ध कराना तथा लाड़ली लक्ष्मी और पोषण संबंधी योजनाओं का क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के लिए मैदानी अमले के साथ प्रभावी समन्वय और नियमित प्रशासनिक समीक्षा आवश्यक है। बागली घाट ऊपर और घाट नीचे के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भौगोलिक परिस्थितियों के कारण मैदानी निगरानी की अहमियत और बढ़ जाती है। ऐसे में स्थायी परियोजना अधिकारी की नियुक्ति केवल रिक्त पद भरने का मामला नहीं, बल्कि योजनाओं की प्रभावी निगरानी, समस्याओं के निराकरण और हितग्राहियों तक सेवाएं पहुंचाने से भी जुड़ी है।

आगे की कार्रवाई शासन स्तर से होना है

जिला कार्यक्रम अधिकारी अहमद सिद्दीकी ने बताया कि विभाग की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। जिले की अन्य परियोजनाओं के नाम भी शासन स्तर पर भेजे गए हैं। परियोजना अधिकारियों की नियुक्ति अथवा पदस्थापना के संबंध में द्वारा आगे की कार्रवाई शासन स्तर से होना है। विभागीय पत्र जारी होने के बाद अब निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं। सवाल यह है कि बागली की दोनों परियोजनाओं में स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति कब होगी और तब तक प्रशासनिक निगरानी एवं जवाबदेही की व्यवस्था किस तरह सुनिश्चित की जाएगी।

विधायक सोनकर ने किया तालोद प्लांट का निरीक्षण

20 तालाबों में पानी पहुंचाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से नर्मदा–कालीसिंध लिंक परियोजना फेस-1 को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने तालोद प्लांट का निरीक्षण किया।

इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।परियोजना के तहत सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के साथ ही क्षेत्र के 20 तालाबों में जल पहुंचाने की योजना है। इसके लिए संपूर्ण कार्ययोजना एवं प्रोजेक्ट तैयार किए जाने की जानकारी दी गई। योजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा देना और ग्रामीण क्षेत्रों के जल संसाधनों को मजबूत बनाना है। निरीक्षण के दौरान विधायक सोनकर ने अधिकारियों के साथ परियोजना से संबंधित तैयारियों और आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ाने और किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। निरीक्षण के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बहादुर सिंह पिलवानी, तेज सिंह बघेल,क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कन्या विद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस



सोनकच्छ। श्रीमती पांचूबाई बिरमाजी जाट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोनकच्छ में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम "बाल विवाह समाप्त करें और बालिकाओं के अधिकारों में निवेश करें" के तहत विद्यालय में जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के दौरान पालकों को बाल विवाह की रोकथाम और बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर बाल विवाह समाप्त करने संबंधी शपथ लिखवाई गई तथा सभी पालकों को उस पर हस्ताक्षर कर अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह मालवीय ने उपस्थितजनों को बालिका दिवस की शपथ दिलाई। प्राचार्य नैना पाठक ने बाल विवाह समाप्त करने और बालिकाओं के अधिकारों में निवेश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता की आवश्यकता बताई।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में संजा और गरबा प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्य चंद्रकांता बैस के नेतृत्व में समस्त स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ।

समीक्षा बैठक: वसूली नहीं करने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने आयुक्त ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने सोमवार को निगम बैठक हॉल में समयावधि पत्रों, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों तथा संपत्तिकर, जलकर और कचरा संग्रहण शुल्क की वसूली की समीक्षा की। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने वाले कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए आयुक्त ने वेतन रोकने और एक कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आयुक्त ने संपत्तिकर वसूली में लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले वार्ड 8, 27 और 36 के नाकेदारों का वेतन आहरण नहीं करने के निर्देश दिए। वहीं, कचरा संग्रहण शुल्क की कम वसूली पर वार्ड 10, 12, 14, 23, 33 और 35 के वसूलीकर्ताओं का वेतन रोकने को कहा। जलकर वसूली के लिए नाकेदारों को 15 दिनों में 40 लाख रुपये वसूलने का लक्ष्य दिया गया। जिन गलियों में जलकर जमा नहीं हो रहा है, वहां पानी की सप्लाई बंद करने के निर्देश भी दिए।बैठक में आयुक्त ने मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और शोरूम की नपती कर संपत्तिकर खातों में सुधार करने तथा अंतर की राशि जमा कराने को कहा। आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजने और सड़क पर पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इसके अलावा पीएम स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति, क्रेडिट कार्ड वितरण, आयुष्मान कार्ड बनाने और संबल योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने को कहा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों पर चालक और हेल्पर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शंकरगढ़ पहाड़ी पर पौधों को नियमित पानी देने तथा आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन के लिए मुख्य मार्गों की पानी की टंकियों पर फायर कॉक लगाने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन की शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करने पर जोर दिया।

लीकेज से खुला मामला, 13 हजार लीटर मेथेनॉल से भरे दो वाहन पकड़े

औद्योगिक थाना पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



औद्योगिक थाना क्षेत्र में रविवार रात पुलिस ने मेथेनॉल से भरे दो आयशर वाहनों को पकड़ा। दोनों वाहनों में करीब 13 हजार लीटर अत्यंत ज्वलनशील मेथेनॉल ले जाया जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह रसायन इंदौर से आष्टा की ओर ले जाया जा रहा था। वाहनों से लीकेज होने पर मामले की जानकारी सामने आई, जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड को भी पहुंचना पड़ा। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।औद्योगिक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इस मामले में अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर उनकी तलाश में जुटी है।

जानकारी अनुसार, रविवार रात मेथेनॉल से भरे दोनों आयशर वाहन इंदौर से आष्टा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रसायन का लीकेज होने की जानकारी सामने आई। मेथेनॉल अत्यंत ज्वलनशील रसायन होने के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी। सूचना मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की गई।थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि पुलिस ने दोनों आयशर वाहनों से करीब 13 हजार लीटर मेथेनॉल जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि रसायन कहां से लाया गया था, इसे कहां पहुंचाया जाना था और परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज व अनुमति मौजूद थे या नहीं। मामले में अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

विधायक शर्मा बने वॉलीबॉल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कन्नौद

मध्यप्रदेश में वॉलीबॉल खेल को नई दिशा और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन की निर्वाचन बैठक में विधायक आशीष शर्मा को एसोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं कार्तिकेय सिंह चौहान को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी प्राप्त हुई। नई जिम्मेदारी मिलने पर विधायक आशीष शर्मा ने एसोसिएशन के सभी सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग, समन्वय और सामूहिक प्रयासों से मध्यप्रदेश में वॉलीबॉल खेल को नई पहचान दिलाने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा।

शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर खेल जगत में उत्साह का माहौल है। यह नियुक्ति प्रदेश में वॉलीबॉल के विकास, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और खेल गतिविधियों को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

जिंप सीईओ ने अनुपस्थित सेक्टर प्रभारी पर कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला आवास प्रभारी, समस्त जनपद पंचायतों के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर तथा सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीईओ धुर्वे ने आवास निर्माण कार्यों की जनपद एवं सेक्टरवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत स्वीकृत समस्त आवासों को चालू अक्टूबर माह के अंत तक न्यूनतम 85 प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत आवासों को समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति दिखनी चाहिए और निर्माण कार्यों की गति में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत खातेगांव के अंतर्गत समीक्षा बैठक से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे सेक्टर प्रभारी के रवैये को अनुशासनहीनता मानते हुए सीईओ धुर्वे ने उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। धुर्वे ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे आवास निर्माण कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के साथ निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य की पूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

संस्था अनंता के भंडारे का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मां चामुंडा की नगरी देवास में सामाजिक संस्था अनंता परिवार द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सयाजी द्वार के सामने चामुंडा कांप्लेक्स परिसर के यहां मां दुर्गा का पंडाल बनाया गया। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस प्रेस क्लब के समस्त पत्रकारगणों ने मां दुर्गा का विधिवत पूजन-अर्चन करने के साथ महाआरती की एवं समाज के सुख समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। इस अवसर पर अतिथि पत्रकार बंधुओं ने फरियाली केसर दूध प्रसाद के भंडारा का शुभारंभ कर माता भक्तजनों को अपने हाथों से महाप्रसाद का वितरण किया। संस्था अनंता परिवार संयोजक अजय सेंधव ने बताया कि संस्था के संरक्षक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, अनिलराजसिंह सिकरवार, मनीष जैन, दिनेश सांखला सहित बड़ी संख्या में प्रेस क्लब के सम्माननीय पत्रकार बंधु,भक्तजन उपस्थित थे। संस्था संरक्षक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव ने पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया।

दशहरा मैदान में सजा मीना बाजार, प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

90 वर्षों की परंपरा को नगर निगम ने रखा कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम द्वारा आयोजित ऐतिहासिक 90वीं दशहरा कृषिकला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी तथा मीना बाजार का रविवार को पुलिस लाइन के पास दशहरा मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। रविवार शाम 7 बजे महापौर गीता अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। शुभारंभ के साथ ही मेले में रौनक दिखाई देने लगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक एवं दुर्गेश अग्रवाल, मनीष सेन, गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, राजेश यादव, प्रमोद डोंगलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष रूप से नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार भी मौजूद रहे।

90 वर्षों की परंपरा बरकरार

महापौर गीता अग्रवाल ने कहा कि दशहरा प्रदर्शनी देवास की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। 90 वर्षों से यह मेला शहर की पहचान बना हुआ है। उन्होंने सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं भी दीं।भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि नगर निगम परिषद ने वर्षों पुरानी मेले की परंपरा को बनाए रखा है। वहीं आयुक्त दलीप कुमार ने कहा कि ऐसे मेले हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। यहां आयोजित सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां स्थानीय कलाकारों एवं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं।प्रदर्शनी में कृषि यंत्र, औद्योगिक उत्पाद, हस्तकला, परिधान और खानपान की दुकानें लगाई गई हैं। महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन और घरेलू उपयोग की सामग्री, जबकि बच्चों के लिए खिलौनों एवं अन्य वस्तुओं के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाए गए हैं। मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।शुभारंभ के बाद अतिथियों ने विभिन्न दुकानों का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा ने किया

मां शारदा संस्था की चुनरी यात्रा में जल संरक्षण और नशामुक्ति का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा


फाइल फोटो

नवरात्रि के पावन पर्व पर संस्था मां शारदा, इंदौर द्वारा 16 अक्टूबर को नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश देने वाली इस यात्रा में जल संरक्षण, नशामुक्ति, महिला सशक्तीकरण और युवाओं को रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। संस्था के संस्थापक एवं संयोजक एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष कम वर्षा को देखते हुए यात्रा के माध्यम से 'जल है तो कल है' का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही 'नशा जीवन का नाश है' और 'जीवन बचाओ, नशा भगाओ' जैसे संदेशों के जरिए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। संस्था के सहयोगी संतोष वर्मा, चेनसिंह यादव, केदार यादव और निक्की वर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि चुनरी यात्रा सुबह 9 बजे चौधरी धर्मशाला में पूजन के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हनुमान चौक, बस स्टैंड और बाबा भंवरनाथ मंदिर से होकर शक्ति माता मंदिर पहुंचेगी। इसमें सैकड़ों महिलाएं, युवतियां और पुरुष चुनरी थामकर पैदल शामिल होंगे। इस वर्ष माता के नौ स्वरूपों में सजी बच्चियां बघ्घी पर सवार होकर यात्रा में आगे रहेंगी और नगरवासियों को आशीर्वाद देंगी।

खबर संक्षेप

अधेड़ से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक अधेड़ व्यक्ति के साथ मारपीट करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम मानिकपुर निवासी मिसन सिंह लोधी पुत्र नथू सिंह लोधी ने थाना मड़ावरा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही कमल पुत्र तेज सिंह लोधी, पर्वत पुत्र लटोरे लोधी, राजकुमारी पत्नी तेज सिंह लोधी और मकुन सिंह पुत्र प्रेम सिंह लोधी उनसे रंजिश रखते हैं। आरोपी आए दिन उनके नाम को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करते हैं। आरोप लगाया कि शनिवार, 10 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे उक्त चारों लोग एक राय होकर उनके साथ मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने रविवार, 11 अक्टूबर को थाना मड़ावरा पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

वाहन की टक्कर से वृद्धा की मौत

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के अंतर्गत कड़ेसरा कलां के पास नेशनल हाईवे-44 पर सोमवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब महिला दूध देकर अपने घर लौट रही थीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला उछलकर सड़क किनारे बनी पुलिया में जा गिरीं। दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम कड़ेसरा कलां निवासी श्याम बाई (65) पत्नी पुन्नू कुशवाहा सोमवार सुबह दूध देने के बाद घर लौट रही थीं। सुबह करीब आठ बजे जब वह एनएच-44 पर कड़ेसरा कलां के पास पहुंचीं, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह उछलकर सड़क किनारे स्थित पुलिया में जा गिरीं। हादसे में उनकी जान चली गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली तालबेहट पुलिस मौके पर पहुंची।

मिशन शक्ति फेज-6, विधायक, पंचायत अध्यक्ष, एसपी ने बांटे प्रशस्ति पत्र

बालिकाओं को किया जागरुक उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त, स्वावलंबी और जागरूक बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण और एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया गया। वहीं, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीडऩ या असुरक्षा की स्थिति में उन्हें चुप रहने के बजाय संबंधित पुलिस अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। महिलाओं को जागरूक करने और उन्हें सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीडऩ की स्थिति में वह बिना किसी भय के सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके लिए महिला हेल्पलाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और आपातकालीन सेवा डायल-112 के माध्यम से पुलिस एवं संबंधित विभागों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा। इस दौरान जनपद में वर्ष 2026 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओं, प्रांतीय रक्षक दल एवं पुलिस विभाग में कार्यरत महिला कर्मियों, आपदा विशेषज्ञों एवं आपदा मित्रों, सिविल डिफेंस कर्मचारियों, सफाईकर्मियों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी कैंटीन संचालिकाओं, मुख्य सेविकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और नर्सों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

सम्मान समारोह के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के योगदान की सराहना की गई। साथ ही समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रोत्साहित करने और अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे बढऩे की प्रेरणा देने का प्रयास किया गया। मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, उनमें आत्म विश्वास बढ़ाना और उन्हें स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में महिला सम्मान, समान अवसर और सशक्तीकरण की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। यह संदेश दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता के साथ-साथ समाज की सहभागिता भी आवश्यक है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

मानसिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण, समय पर परामर्श से संभव बेहतर जीवन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी), द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को मानसिक समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए लोगों से अपनी मानसिक एवं भावनात्मक सेहत का ध्यान रखने की अपील की गई। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान समय में तनाव, चिंता, अवसाद, अनिद्रा तथा अन्य मानसिक समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। पढ़ाई, रोजगार, पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलती जीवनशैली के कारण उत्पन्न मानसिक दबाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं किसी भी आयु वर्ग के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती हैं और समय पर पहचान तथा उचित उपचार से इनमें सुधार संभव है। महाविद्यालय की ओर से लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि मानसिक परेशानी होने पर परिवार के सदस्यों एवं विश्वसनीय लोगों से बातचीत करना, नियमित व्यायाम करना, पर्याप्त नींद लेना, संतुलित आहार अपनाना तथा अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखना लाभकारी हो सकता है। मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए तथा उन्हें किसी प्रकार के भेदभाव या उपेक्षा का सामना नहीं करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। विशेषज्ञों ने यह भी संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कमजोरी या शर्म का विषय न समझें। यदि लंबे समय तक उदासी, अत्यधिक चिंता, चिड़चिड़ापन, नींद में बदलाव अथवा दैनिक गतिविधियों में रुचि कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो योग्य चिकित्सक या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के नेतृत्व में महाविद्यालय द्वारा जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के क्रम में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया गया। संदेश दिया गया कि मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही बेहतर पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन जी सकता है।

संदेशः मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करें, जरूरत पड़ने पर सहायता लें और दूसरों के प्रति संवेदनशील रहें। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना ही जागरूक एवं स्वस्थ समाज की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है

युवाओं को दिया गया स्व-परिवर्तन का संदेश

ब्रह्माकुमारीज के युवा प्रभाग का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के रेलवे कॉलोनी स्थित वरदानी भवन में युवा प्रभाग के तत्वावधान में उठो जगत के वास्ते थीम पर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में आध्यात्मिक जागृति लाना, उन्हें आत्मिक शक्तियों का एहसास कराना तथा स्व-परिवर्तन के माध्यम से समाज और विश्व कल्याण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना रहा। राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। युवाओं में अपार ऊर्जा, प्रतिभा और परिवर्तन की क्षमता होती है। यदि युवा अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानकर राजयोग मेडिटेशन तथा श्रेष्ठ संस्कारों को अपने जीवन में अपनाएं, तो वे न केवल स्वयं के जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं, बल्कि समाज में भी व्यापक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने विचार श्रेष्ठ, संकल्प शक्तिशाली और कर्म मूल्यवान बनाने चाहिए। राजयोग मेडिटेशन मन को शांति, बुद्धि को स्पष्टता और जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। आत्मा के दिव्य गुणों को जागृत करके जीवन में प्रेम, पवित्रता, सहयोग और सद्भावना को बढ़ाया जा सकता है। इन मूल्यों को अपनाकर युवा एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। बीके चित्ररेखा दीदी ने युवाओं की ऊर्जा और संकल्प शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि 'युवाइ शब्द को उल्टा लिखने पर 'वायुइ बनता है। जिस प्रकार वायु गति और ऊर्जा का प्रतीक है, उसी प्रकार युवाओं के संकल्पों में भी तीव्र गति और परिवर्तन की असीम शक्ति निहित है। दृढ़ इच्छाशक्ति, उमंग और उत्साह के साथ युवा असंभव को संभव बना सकते हैं।

अपने श्रेष्ठ विचारों और सकारात्मक कर्मों के माध्यम से वे विश्व में दिव्य गुणों की शीतलता फैलाकर शांति, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत कर सकते हैं। युवाओं को अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग समाज सेवा, नैतिक मूल्यों के प्रसार तथा मानवता के कल्याण के लिए करने का संदेश दिया गया। वक्तव्य के माध्यम से यह प्रेरणा दी गई कि प्रत्येक युवा का एक श्रेष्ठ संकल्प और सकारात्मक कर्म समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। जब युवा स्वयं में श्रेष्ठ संस्कार विकसित करेंगे, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र में सकारात्मक वातावरण का निर्माण संभव होगा।

वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने गई थी पुलिस

पुलिस टीम पर पथराव व मारपीट, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम दौलता में वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है। 11 अक्टूबर 2026 को थाना तालबेहट पुलिस वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम दौलता निवासी सुरेंद्र उर्फ सुमेंद्र के घर दबिश देने गई थी। पुलिस टीम जब उसे हिरासत में ले रही थी, तभी उसके घरवालों ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए पथराव कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना तालबेहट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए 12 अक्टूबर को ग्राम ककड़ारी के पास से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम दौलता निवासी आजाद यादव पुत्र माधव सिंह यादव (59 वर्ष), कमल यादव पुत्र लाखन यादव (32 वर्ष), विनीता यादव पत्नी आजाद यादव (55 वर्ष), अशोक यादव पुत्र जय सिंह यादव (37 वर्ष) तथा सोन सिंह यादव पुत्र जय सिंह यादव (45 वर्ष) शामिल हैं। इस मामले में थाना तालबेहट में मुकदमा अपराध संख्या 373/26 के तहत बीएनएस की धारा 109(2), 121, 132, 263, 191(2), 190, 351(3) और 352 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना तालबेहट के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्र पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

नेमवि कला संकाय विकास में हिंदी विषय पर विशेष व्याख्यान

हिंदी भारतीय समाज की चेतना की प्रतिनिधि भाषा : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नेहरू महाविद्यालय में कला संकाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया। व्याख्यान में हिन्दी भाषा एवं साहित्य के महत्व, उसकी समकालीन प्रासंगिकता तथा राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए गए। प्राचार्य ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, सामूहिक स्मृति और राष्ट्रीय आत्मबोध की सशक्त अभिव्यक्ति है।

हिन्दी ने विभिन्न भाषायी एवं सांस्कृतिक परंपराओं के बीच संवाद स्थापित कर सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा और साहित्य भारतीय समाज के मूल्यों, परंपराओं तथा सांस्कृतिक विरासत को अभिव्यक्त करने का प्रभावी माध्यम हैं। हिन्दी प्राध्यापक हिमांशु धर द्विवेदी ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हिन्दी के माध्यम से ज्ञान-विज्ञान, अनुसंधान और मौलिक चिंतन को प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को हिन्दी का अध्ययन करने के साथ-साथ अपनी अभिव्यक्ति क्षमता, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास करना चाहिए। उन्होंने हिन्दी को ज्ञान और नवाचार की भाषा के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। हिन्दी प्राध्यापक सुधाकर उपाध्याय ने हिन्दी साहित्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य भारतीय जनजीवन के सुख-दुःख, संघर्ष, संवेदना और सामाजिक परिवर्तन का जीवंत दस्तावेज है। साहित्य समाज की परिस्थितियों को समझने के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं और जीवन मूल्यों को विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हिन्दी प्राध्यापक डा.ओ.पी. चौधरी ने आदिकाल से आधुनिक काल तक हिन्दी साहित्य के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दी साहित्य ने समय-समय पर समाज को नई दृष्टि प्रदान की है। कबीर की निर्भीक वाणी, तुलसीदास की लोकमंगल भावना, भारतेंदु हरिश्चंद्र की राष्ट्रीय चेतना, महावीर प्रसाद द्विवेदी की भाषा-साधना और मुंशी प्रेमचंद की सामाजिक यथार्थपरकता हिन्दी साहित्य की व्यापकता एवं समृद्धि को प्रमाणित करती है। हिन्दी प्राध्यापक जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह साहित्य का अध्ययन केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने के उद्देश्य से न करें, बल्कि इसे जीवन, समाज और मानवीय संबंधों को समझने का माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि साहित्य व्यक्ति की विचारशीलता, संवेदनशीलता और सामाजिक चेतना को विकसित करता है। संचालन हिन्दी प्राध्यापक हिमांशु धर द्विवेदी ने किया। व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा एवं साहित्य के अध्ययन के प्रति जागरुक किया।

संचारी रोगों से बचाव का माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश

संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह अक्टूबर 2026 के विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की शुरुआत करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अभियान की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे संचारी रोगों से बचाव के लिए अपनी निर्धारित गतिविधियों का एक माइक्रोप्लान तैयार कर कार्य करें। इसके बाद, के एपिडेमियोलाजिस्ट डॉ. देशराज ने पीपीटी के माध्यम से गाइडलाइन के अनुसार सभी विभागों के कार्यों और उनकी जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने घर और आसपास सफाई रखने पर जोर दिया ताकि मच्छर जनित रोग न पनप सकें।

हाईरिस्क क्षेत्रों में चलेगा विशेष सफाई अभियान

बैठक में पंचायतीराज और नगर विकास विभाग को पिछले वर्षों के संचारी रोगों की स्थिति और हाईरिस्क (संवेदनशील) गांवों व वार्डों की सूची सौंपी गई। इन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत गड्ढों को मिट्टी से भरा जाएगा, झाड़ियों की कटाई की जाएगी, रुके हुए पानी की निकासी और नालियों की सफाई होगी तथा मच्छरों को रोकने के लिए लार्वानाशक दवा का छिड़काव किया जाएगा।

लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई, रैंकिंग सुधारने पर जोर

बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी पिछले अभियानों की कमियों को सुधारें और माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत काम समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता (लापरवाही) बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी इस प्रकार काम करें जिससे राज्य स्तर पर जनपद की फीडबैक और रैंकिंग उच्च स्थान पर बनी रहे। बैठक में नोडल वी.बी.डी. डॉ. आर.एन. सोनी, नोडल अर्बन डॉ. राजेश भारती, एपिडेमियोलाजिस्ट डॉ. देशराज, डी.सी.पी.एम. गणेश टेगुरिया सहित बेसिक शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज, नगर विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, दिव्यांग जन सशक्तीकरण, माध्यमिक शिक्षा और सूचना विभाग के अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी तथा मलेरिया निरीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ललितपुर के 1.88 लाख किसानों को मिलेगी 67.43 करोड़ रुपए की राहत

आधार, बैंक पासबुक, दस्तावेजों के सत्यापन के बाद भुगतान जारी

ललितपुर। बाढ़, अतिवृष्टि एवं चक्रवात के कारण फसल क्षति से प्रभावित जिलेके किसानों को राहत पहुंचाने के लिए शासन ने 67 करोड़ 43 लाख 77 हजार 664 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। जिले के कुल 1,88,839 प्रभावित किसानों के सापेक्ष यह धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर से प्रदेश के आपदा प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान की राहत राशि हस्तांतरित किए जाने के कार्यक्रम का सदर तहसील में लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया, जिसे सभी तहसीलों से प्राप्त आंकड़ों का सत्यापन करने के बाद प्रभावित किसानों की संख्या निर्धारित की गई है। राहत सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल तहसील स्तर पर किसानों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा अन्य जरूरी दस्तावेज एकत्र कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जिला प्रशासन से प्राप्त तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार, सदर तहसील में 36,912, महरौनी में 45,389, तालबेहट में 40,740, पाली में 25,662 तथा मड़ावरा तहसील में 40,136 किसान आपदा से प्रभावित हुए हैं।

इन सभी तहसीलों के किसानों को राहत सहायता उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर से धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रशासन द्वारा प्रभावित किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक अभिलेख जुटाए जा रहे हैं। किसानों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। पात्र किसानों तक सहायता राशि पहुंचाना है, ताकि फसल क्षति के कारण उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों को कम किया जा सके। आपदा के कारण फसलों को नुकसान पहुंचने से किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रामलीला के दूसरे दिन रावण तपस्या, सजीव अभिनय की प्रस्तुति दी

मेघनाद दिग्विजय व पृथ्वी पुकार लीला का भव्य मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीलक्ष्मीनृसिंह रामलीला तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला एवं श्रीकिशोरी रासलीला के दूसरे दिन रावण तपस्या, मेघनाद दिग्विजय और पृथ्वी पुकार लीला का भव्य मंचन किया गया। श्रीधाम वृंदावन से आए किशोरी रासलीला एवं रामलीला संस्थान के कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय और शानदार प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रामलीला का मंचन संस्थान संस्थापक स्वामीश चौहान ओमप्रकाश पुजारी महाराज के निर्देशन में किया जा रहा है। शुभारंभ कोरस गीतों के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने पौराणिक प्रसंगों का सजीव मंचन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच पर प्रस्तुत प्रत्येक प्रसंग ने दर्शकों को रामायण की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपरा से जोड़ते हुए धर्म, सत्य और मर्यादा के महत्व का संदेश दिया। रामलीला के प्रथम प्रसंग में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण द्वारा भगवान ब्रह्मा की कठोर तपस्या का मंचन किया गया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उन्हें वरदान प्रदान किए।

कलाकारों ने इस प्रसंग के माध्यम से तीनों भाइयों की तपस्या और वरदान प्राप्ति के दृश्य को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद मेघनाद की दिग्विजय का मंचन हुआ, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। लीला के अगले प्रसंग में दिखाया गया कि जब पृथ्वी पर रावण और अन्य असुरों के अत्याचार बढऩे लगे तथा अधर्म का प्रभाव फैलने लगा, तब पृथ्वी माता व्याकुल होकर भगवान नारायण के समक्ष पहुंचीं। देवताओं ने भी भगवान से पृथ्वी को पाप, अत्याचार और अधर्म से मुक्त कराने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना सुनकर भगवान नारायण ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह अयोध्या के राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम के रूप में अवतार लेकर पृथ्वी को अधर्म से मुक्त करेंगे। भगवान श्रीराम के अवतार की आकाशवाणी के साथ दूसरे दिन की लीला का समापन हुआ। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

रामलीला के माध्यम से संदेश दिया गया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर अवतार लेते हैं। कलाकारों की प्रस्तुति, संवाद और मंचीय अभिनय ने धार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लिया। रामलीला में रावण की भूमिका गोविन्द मिश्रा, कुंभकर्ण की हरिओम, विभीषण की शिवराम, ब्रह्मा की मुकेश, व्यासजी की राधेश्याम, मेघनाद की त्रिलोकी पाण्डेय तथा पृथ्वी माता की भूमिका भूरा ब्रजवासी ने निभाई। सभी कलाकारों ने अपने अभिनय से पौराणिक प्रसंगों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया।

गुराड़िया गांव में पति द्वारा की गई पत्नी की जघन्य हत्या का मामला

पत्नी को कुल्हाड़ी से काट 100 किमी भागा पति, खाया जहर, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कोतवाली थानाक्षेत्र के गुराड़िया गांव में शनिवार सुबह कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या कर भागने वाला पति पकड़ा गया है। नास्तिकता के चलते की गई पत्नी की हत्या का दोषी पति करीब 100 किमी भागते-भागते राजस्थान के रास्ते सेमलाजोड़ पहुंचा। यहां उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके चलते वो बदहवाश होकर गिर गया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। आरोपी का इलाज फिलहाल जिला अस्पताल में चल रहा है। आपको बता दें कि गुराड़िया गांव में शनिवार सुबह गायत्रीबाई गुर्जर की उसके ही पति रामबाबू ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।

दरअसल, भगवान को नहीं मानता था और इसी बात पर उसका पत्नी गायत्रीबाई से अक्सर विवाद और झगड़ा होता रहता था। शनिवार को यह झगड़ा इतना बढ़ा कि रामबाबू ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर दस से ज्यादा वार किए और मृत पत्नी को घर में छोड़कर भाग निकला।

सेमलापार जोड़ पहुंचकर खाया जहर

हत्या के बाद इधर, कोतवाली पुलिस तफ्तीश करते हुए रामबाबू की तलाश कर रही थी और वो भागकर पिपलोदी राजस्थान आदि रास्ते से होकर भोजपुर क्षेत्र के सेमलापार जोड़ पहुंच गया। यहां उसने कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया और वहीं बदहवाश होकर गिर गया। इस बात की सूचना भोजपुर पुलिस को मिलने पर पहले रामबाबू को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसका इलाज जारी है।

नास्तिक था हत्यारा पति

मृतका के मायके पक्ष के लोगों के अनुसार उनकी बेटी गायत्री बाई का पति रामबाबू नास्तिक था। वो ईश्वर में भरोसा नहीं करता था। इसके चलते पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। नास्तिकता के चलते हुए इस विवाद की परिणिति शनिवार को हत्या के रूप के सामने आई थी। दरअसल, हत्यारा पति रामबाबू संत रामपाल का अनुयायी था। वो पत्नी को बाध्य करता था कि वह भी संत की अनुयायी बने लेकिन मृतका पत्नी ईश्वर भक्त थी और उसने संत रामपाल को मानने से पूरी तरह इनकार कर दिया था। बस, यही इनकार हत्या की जड़ के रूप में सामने आया है।

आठ घंटे इसलिए गांव में ही पड़ा रहा था मृतका का शव

जघन्य हत्या के इस मामले में कोतवाली पुलिस भलेही तुरंत मौके पर पहुंच चुकी थी लेकिन शव आठ घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा था। दरअसल, राजगढ़ मुख्यालय पर एसएफएल अधिकारी का पद अर्से से रिक्त है। विदिशा जिले से उन्हें राजगढ़ आने और फिर घटनास्थल पर अन्य आवश्यक जांच-पड़ताल करने में इतना समय व्यतीत हो गया कि शव का पोस्टमार्टम आठ घंटे बाद हो पाया था।

रास्ते में बैटरी डिस्चार्ज होने से फंसे दिव्यांग तीर्थयात्री, पुलिस ने उन्हें सुरक्षित पहुंचाया

कामखेड़ा बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिला पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ सामुदायिक पुलिसिंग और मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश कर रही है। इसी कड़ी में थाना कालीपीठ पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बीच रास्ते में फंसे दिव्यांग तीर्थयात्रियों की मदद कर उन्हें सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

दरअसल, दिव्यांग श्रद्धालु अपनी बैटरी चालित ट्राइसाइकिल से प्रसिद्ध धाम कामखेड़ा बालाजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक उनकी साइकिल की बैटरी डिस्चार्ज हो गई, जिससे वे आगे बढ़ने में पूरी तरह असमर्थ हो गए। रात का अंधेरा और सुनसान रास्ता होने के कारण वे बुरी तरह परेशान हो रहे थे। तभी रात्रि गश्त कर रहे थाना कालीपीठ पुलिस जवानों की नजर इन बेबस तीर्थयात्रियों पर पड़ी। जवानों ने तुरंत वाहन रोककर उनकी परेशानी जानी और संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। पुलिस कर्मियों ने यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने का मुकम्मल प्रबंध किया, जिससे उन्हें राहत मिली और तीर्थयात्रा में आई बाधा दूर हुई।

इन पुलिसकर्मियों ने निभाई अहम भूमिका

दिव्यांग तीर्थयात्रियों की इस मानवीय मदद में प्रधान आरक्षक माखन सिंह, प्रधान आरक्षक चेतन सिंह, आरक्षक 856 प्रशांत शर्मा तथा डायल- चालक सुनील यादव की विशेष और सराहनीय भूमिका रही। पुलिस का यह कार्य दर्शाता है कि खाकी केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि संकट के समय सेवा और संबल का भी प्रतीक है।

सहनशीलता व समता का गुण लाएं : प्रत्यक्षरत्नविजयजी

मंदसौर। धर्मबिन्दू ग्रंथ शास्त्र में शास्त्रकार श्री हरिभद्रसूरिजी म. सा. ने मनुष्य को अपना सामान्य जीवन कैसे जीना चाहिये इस पर विस्तार से बताया है। शास्त्रकार कहते हैं कि हम जीवन में समता व सहनशीलता का गुण लायें। गृहस्थ जीवन में पारिवारिक सदस्यों के मध्य मनमुटाव एवं आपसी क्लेश होता रहता है। जीवन में सभी सदस्यो को सहनशीलता व समता का भाव रखना चाहिये। सहनशीलता एवं समता का भाव रखकर ही हम गृहस्थ जीवन में सुखी रह सकते हैं। उक्त उद्गार प. पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म. सा. ने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में कहे। आपने सोमवार को यहाँ धर्मसभा में कहा कि किसी को भी बिना सोचे समझे अनाप शनाप मत बोलो। यदि किसी ने बोल भी दिया है तो उसका प्रतिकार मत करो बल्कि दूसरे के क्रोध को चुपचाप सहन करो। सहनशीलता का व्यवहार ही घर परिवार में आपसी क्लेश व संघर्ष को रोक सकता है। आपने कहा कि जितना मीठा व उत्तम हम दूसरों से घर के बाहर बोलते हैं, हमारे उतना ही हम घर परिवार के सदस्यो के साथ बोले। उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। धर्मसभा में मुनि श्री पवित्ररत्नविजयजी म. सा. ने भी अपने विचार रखे।

10 दिन पहले सस्पेंड हुई थीं

सीएमएचओ के रिक्त पद की पूर्ति के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र



राजगढ़। नरसिंहगढ़ क्षेत्र में पदस्थ एक महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के 8 माह बाद भी जारी होते रहे वेतन मामले में राजगढ़ सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को बीते दिनों सस्पेंड कर दिया गया था। मामले में लापरवाही बरते जाने पर सीएमएचओ दफ्तर के लेखापाल भी निलंबित हुए थे।

सीएमएचओ डॉ. पटेल के निलंबन के 10 दिनों बाद भी यह पद रिक्त पड़ा हुआ है जिसके चलते जिला अस्पताल की अनेकों व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में सीएमएचओ का दायित्व जिम्मेदार अधिकारी को देने पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख है कि सीएमएचओ अपने सस्पेंशन के अगेंस्ट न्यायालय से स्टे भी ला सकती हैं। चूंकि, उन्हें लोकायुक्त कार्यवाही में भी 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा जा चुका है ऐसे में उनका पुनः जिले में आना उचित नहीं है। ऐसे में पूर्व विधायक तंवर ने डीएच की व्यवस्थाओं के मद्देनजर यह दायित्व योग्य और प्रशासनिक रूप से कुशल चिकित्सक को देने का अनुरोध किया है।

आयुक्त ने किया था निलंबन

आपको बता दें कि विभाग में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर हुई जांच उपरांत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त धनराजू एस. ने सीएमएचओ डॉ. पटेल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था। इस आदेश के पूर्व सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने जानबूझकर की गई त्रुटि के लिए लोकायुक्त ने भी आयुक्त को नोटिस जारी किया था।

नवरात्रि और दशहरे पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

गरबा पंडालों, झांकियों के दौरान यातायात और बिजली व्यवस्था बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में नवरात्रि महोत्सव, घट स्थापना और दशहरे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नवागत नायब तहसीलदार रामवीर सिंह मीणा ने नगर के गणमान्य नागरिकों से परिचय प्राप्त कर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नागरिकों से सुझाव लिए। गरबा पंडालों, झांकियों और दशहरे के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान नागरिकों ने नगर में बुलेट मोटरसाइकिल चालकों द्वारा पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने और तेज गति से वाहन चलाने की शिकायत उठाई। इस पर थाना प्रभारी ने संबंधित वाहन चालकों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही। नगर परिषद की व्यवस्थाओं को लेकर सीएमओ देवेंद्र वत्स से चर्चा की गई। पर्व के दौरान साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई, जिस पर उन्होंने समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। वहीं, नवरात्रि महोत्सव के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री मनोज वर्मा और लाइनमैन मुन्नालाल से आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही गई।

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई, वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद मारू, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि मदन पटेल, रोडूराम पहलवान, प्रेम नारायण सोनी, दयाराम राठौर, प्रकाश सोनी, दिनेश सोनी, यूनुस भाई, सुलेमान भाई सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में मातृगोष्ठी

बच्चों के जीवन में माता की भूमिका संस्कारों का महत्व बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में मातृगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को विद्यालय की शैक्षणिक एवं संस्कारमय गतिविधियों से जोड़ना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वर्षा जाटव एवं प्रिया बृजवासी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बन्नासिया ने माताओं को संबोधित करते हुए बच्चों के जीवन में माता की भूमिका, संस्कारों के महत्व तथा परिवार और विद्यालय के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माता-पिता एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।अतिथियों का स्वागत छाया जोशी एवं दीक्षा राठौर ने किया। अतिथि परिचय वंदना गौड़ ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा तिवारी ने किया तथा कार्यक्रम की प्रभारी मोनिका शर्मा रहीं। कार्यक्रम में मातृशक्ति की सहभागिता ने आयोजन को सार्थक बनाया। मातृगोष्ठी के माध्यम से विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

गंज स्कूल स्थित पुस्तकालय में मद्य निषेध पर कार्यशाला आयोजित की

जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम, ड्रग्स के नुकसान बताए, कोई भी नशा न करने दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग एवं उन्नति फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से 2 से 8 अक्टूबर तक नशामुक्ति सप्ताह का आयोजन रखा गया। अंतिम दिवस गंज स्कूल स्थित पुस्तकालय में मद्य निषेध अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी तरह मादक पदार्थ जैसे जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम, ड्रग्स का सेवन जीवन बर्बाद कर देता है।

इस दौरान नशा किस तरह छोड़ा जा सकता है उस पर भी कार्यशाला में चर्चा करते हुए नशामुक्ति के उपाय बताए गए। विद्यार्थियों ने आश्वासन दिया कि नशामुक्ति की पहल वे अपने घर से करते हुए नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। अंत में सभी को शपथ दिलवाई गई कि वे जीवन में कभी किसी तरह का नशा नहीं करेंगे। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी आशीष कौशिक, संस्था प्रबंधक बरखा दांगी, जिला समन्वयक कालूसिंह सिसौदिया, टीम सदस्य प्रियंका जाटव सहित अन्य उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन निकाली यात्रा, मां कर्मादेवी मंदिर से आरंभ हुई, शक्तिपीठ पर समाप्त

साहू समाज हर वर्ष जालपा धाम तक ध्वज यात्रा का आयोजन करता आ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मां कर्मादेवी की प्रेरणा से नगर का साहू समाज हर वर्ष जालपा धाम तक ध्वज यात्रा आयोजन करता आ रहा था। इसी कड़ी में शारदेय नवरात्र के प्रथम दिन समाज के महिला, पुरुषों ने आरंभ की। मां कर्मादेवी मंदिर से आरंभ हुई यह यात्रा शक्तिपीठ पहुंचकर समाप्त हुई। साहू समाज के नगर अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि समाज द्वारा अनवरत 4 सालों से इस ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य न केवल समाज बल्कि संपूर्ण राजगढ़ नगर और जिले की सुख, शांति, समृद्धि की कामना रहता है।

छह वर्षों से निशुल्क जल सेवा

उल्लेखनीय है समाज द्वारा बीते छह सालों से जालपा धाम के रास्ते में कहीं एक स्थान पर निशुल्क शीतल जल सेवा भी करवाई जा रही है। यह सेवा नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक रहती है।

मंदिर पर लगवाए गए हैं अतिरिक्त सीसीटीवी

उधर, पुलिस प्रशासन द्वारा भी मंदिर परिसर के अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी स्थापित करवाए गए हैं। इन सीसीटीवी का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर बनाए रखना है। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस स्टाफ भी परिसर में तैनात करवाया गया है।

नवरात्रि में गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सनातन धर्म रक्षा परिषद ने सार्वजनिक और निजी उद्यानों में व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

परिषद के संस्थापक धर्माधिकारी पं. जितेंद्र शास्त्री ने कहा कि गरबा देवी आराधना का पवित्र पारंपरिक उत्सव है। इसकी धार्मिक गरिमा बनाए रखने के लिए टिकट-पास आधारित आयोजनों पर रोक लगाने के साथ पहचान पत्रों का सत्यापन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह ने स्पष्ट किया कि परिषद गरबा उत्सव के विरोध में नहीं, बल्कि धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध है। परिषद ने प्रशासन से प्रभावी दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

मोटरसाइकिल की आमने सामने भिड़ंत, बड़ागांव के पार्षद की मौत



नलखेड़ा। सोमवार को बड़ागाँव के समीप मोहन बड़ोदिया मार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की भिड़ंत में बड़ागाँव के पार्षद रघुनन्दन माली की मौत हो गई। अन्य मोटरसाइकिल चालक फरार हो गया। दुर्घटना के बाद गंभीर घायल पार्षद रघुनन्दन माली को एक निजी वाहन से स्थानीय सिविल अस्पताल लाया गया जहाँ चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। पार्षद रघुनन्दन की दुर्घटना में मृत्यु के समाचार प्राप्त होते ही बड़ागाँव में शोक व्याप्त हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। गौरतलब है कि दुर्घटना में मृत पार्षद स्व माली कांग्रेस के नेता थे। वे वर्तमान परिषद में बड़ागाँव के वार्ड क्रमांक 06 से पार्षद थे, एवं इसके पूर्व की परिषद में उनकी पत्नी नगर परिषद की उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं।

यात्रा आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में किया विचार

17 को नवरात्रि की सप्तमी पर निकालेंगे चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

लगातार 16 वर्षों से क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक निकाली जा रही चुनरी यात्रा इस बार 17 अक्टूबर सप्तमी तिथि को निकाली जाएगी। उक्त यात्रा के सुचारू संचालन, तैयारियों समेत समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने आयोजन समिति द्वारा रविवार दोपहर स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में तय किया कि चिलचिलाती धूप के दृष्टिगत इस वर्ष भी राजमहल परिसर से जालपा माता धाम तक करीब 6 किमी के रास्ते में कारपेट बिछवाया जाएगा ताकि नंगे पैर चलने वाले भक्तों के पैर न जलें। इसके साथ ही राजमहल परिसर में पहले चुनरी की पूजा-अर्चना की जाएगी एवं तदुपरांत यात्रा आरंभ होगी। यात्रा आयोजन के लिए अर्थ जुटाने समिति द्वारा आमजनों के लिए क्यूआर कोड सार्वजनिक किया जाएगा। श्रद्धालु भक्तगण अपनी श्रद्धानुसार सहयोग कर सकेंगे।

समितियां, सामाजिक संस्थाएं कर सकती हैं सहयोग

इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। ऐसे में छह किमी के रास्ते के दरम्यान कोई भी समिति, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, निजी व्यक्ति अपने-अपने स्तर से शीतल जल, फलहारी प्रसाद व भक्तों के लिए अन्य व्यवस्थाएं कर सकेंगे।

